सूचना - 01

आँतरिक गुणवत्ता नियंत्रण प्रकोष्ठ (आई॰क्यू॰ए॰सी॰) के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि दिनाँक २२.०७.२०२२ को दोपहर १२:०० बजे महाविद्यालय के सभाकक्ष में शिक्षण सत्र २०२२-२३ की प्रथम बैठक रखी गई है, सभी सदस्यों से विनम्र निवेदन है, कि कृपया बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने की कृपा करें।

प्रस्तावित तिथि पर बैठक का एजेन्डा इस प्रकार है।

1. नैक (NAAC) मूल्यांकन के द्वितीय चरण को ध्यान में रखते हुए वर्तमान शिक्षण सत्र से ही महाविद्यालय के Best Practice का चयन कर उस पर कार्ययोजना बाबत् चर्चा करना।
2. महाविद्यालय की स्वयं की एक पत्रिका की शुरूवात् कीए जाने बाबत् आवश्यक चर्चा करना।
3. वर्तमान शिक्षण सत्र हेतु समस्त कर्तव्यों एवं दायित्वों से संबंधित प्रभार बाबत् प्रभारियों के नाम की घोषणा एवं उनका अनुमोदन करना।
4. शोध कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महाविद्यालयीन स्तर पर जो विचार लिया गया है, उस पर चर्चा करने के उपरान्त अनुमोदन करना।
5. माननीय मुख्यमंत्री जी के घोषणानुसार नए पी.जी. पाठ्यक्रमों की शुरूवात से संबंधित प्रक्रिया - प्रगति पर चर्चा व विश्लेषण करना।

6. शिक्षण सत्र २०२१-२२ के महाविद्यालयीन परीक्षा परिणामो पर चर्चा व विश्लेषण करना तथा आगामी परीक्षा परिणामो मे सुधार बाबत उपायो पर चर्चा करना,
7. एलुमनाई मीट कार्यक्रमों को बड़े स्तर पर जल्द से जल्द आयोजित किए जाने बाबत,
8. पुस्तकालय में Text Book, Reference Book, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तके, रीसर्च जरनल इत्यादी की व्यवस्था बाबत चर्चा करना,
9. वर्तमान शिक्षण सत्र से कुछ नए वेल्यु एडेड कोर्स शुरू किए जाने के संबंध पर स्टाफ काउंसिल के अन्तर्गत निर्णय लिया गया है, उस पर वृस्तृत चर्चा करना,
10. महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई एवं हरियाली को दृष्टिगत रखते हुए एक नए समिति का गठन किए जाने हेतु चर्चा करना,
11. महाविद्यालय के कैंटिन की सुविधा की विधिवत शुरूवात किए जाने बाबत आवश्यक चर्चा करना,
12. महाविद्यालय के विकास हेतु अन्य नीति-निर्धारण किए जाने पर सबके व्यक्तिगत विचारो से अवगत होना,

CO-ORDINATOR
I.Q.A.C.
Govt. Naveen Girls Collage
Baikunthpur, Korea (C.G.)
आई. क्यू. ए. सी. प्रभारी

प्राचार्य
PRINCIPAL
Govt. Naveen Girls College
Baikunthpur, Korea (C.G.)

सदस्य-गण

(1) श्रीमती कनकलता पैकरा
(2) श्री तिलकी राम
(3) श्रीमती अंबिका दुबे
(4) श्री के. जेड. उस्मानी
(5) सुश्री प्रतुचा श्रीवास्तव
(6) श्री विनय कुमार भारद्वाज
(7) श्रीमती आशा महेश्वरी साहु
(8) सुश्री कौशर बानो
(9) श्री गिरीश चन्द्र राजपूत

Page No. 57

सूचना क्र० - 2

अत्यावश्यक एवं अपरिहार्य कारण होने की वजह से दिनांक 22.09.2022 को आयोजित होने वाली आई. क्यु. ए. सी. की सत्र 2022-23 की प्रथम बैठक को स्थगित किया जाता है, आई. क्यु. ए. सी के समस्त सम्मानित सदस्यों को होने वाली असुविधा के लिए खेद है,

अब यह बैठक दिनांक 23.09.2022 को दोपहर 1 बजे से आयोजित की जाएगी, कृपया सभी बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें,

आई. क्यु. ए. सी.

CO-ORDINATOR
I.Q.A.C.
Govt. Naveen Girls Collage
Baikunthpur, Korea (C.G.)

प्राचार्य

PRINCIPAL
Govt. Naveen Girls College
Baikunthpur, Korea (C.G.)

सदस्यगण

(i) श्रीमती कनकलता पैकरा
(ii) श्री बिरकी राम
(iii) श्रीमती अलका दुबे
(iv) श्री के. जेड. उस्मानी
(v) सुश्री ऋचा श्रीवास्तव
(vi) श्री विनय मोहन भट्ट
(vii) श्रीमती आशा महेश्वरी साहू - Asha
(viii) सुश्री कौशर बानो
(ix) श्री गिरीशचन्द्र राजपूत -

## बैठक क्रमांक - 1



दिनांक 23.09.2022 को शिक्षण सत्र 2022-23 की आई० क्यु० ए० सी० की प्रथम बैठक पूर्व निर्धारित समयानुसार महाविद्यालय के बैठक कक्ष में आयोजित व संपन्न हुई।

बैठक का प्रतिवेदन निम्नानुसार हैं, सर्वप्रथम आई० क्यु० ए० सी० प्रभारी (समन्वयक) के द्वारा ~~स्वागद~~ स्वागत उद्बोधन दिया गया, एवं गत शिक्षण सत्र 2021-22 से संबंधित कुछ आवश्यक जानकारियों को साझा किया गया, इसके पश्चात बैठक की अध्यक्षता कर रही महा० की प्राचार्य एवं आई० क्यु० ए० सी अध्यक्ष से आज्ञा प्राप्त कर पूर्व-निर्धारित एजेन्डे पर विस्तार पूर्वक चर्चा संपन्न हुई एवं निर्णय लिए गए, जो की निम्नानुसार हैं।

1.) नैक मूल्यांकन की द्वितीय चरण को ध्यान में रखते हुए बेस्ट प्रेक्टिस हेतु किसी एक पिछड़े गाँव को महाविद्यालय के गोद ग्राम के लिए चयन किया जाना तय हुआ, यह गोद ग्राम एन.एस.एस के अन्तर्गत लिए गए गोदग्राम से सर्वथा भिन्न होगा, महाविद्यालय द्वारा लिए गए गोद ग्राम में आगामी पाँच वर्षों तक लगातार विकास मूलक व सामाजिक सहयोग के कार्य महाविद्यालय द्वारा किये जाएगें, इसके अन्तर्गत शिक्षा, सफाई, पर्यावरण संरक्षण व संवर्द्धन, वृक्षारोपण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा किया जाएगा,

2.) महाविद्यालयीन छात्राओं की मौलिक-रचनात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महाविद्यालय की स्वयं की एक वार्षिक पत्रिका की शुरुवात किये जाने का निर्णय लिया गया। इस पत्रिका में महाविद्यालयीन छात्राओं के अतिरिक्त महाविद्यालय के प्रत्येक अधिकारी / कर्मचारी की मौलिक रचनाओं को आमंत्रित किया जाएगा, एवं पत्रिका-समिति की अनुशंसा उपरांत पत्रिका में प्रकाशित किया जाएगा, इसके लिए प्रत्येक छात्रा से 25 रूपये सालाना फीस देय होगा,

3.) वर्तमान शिक्षण सत्र 2022-23 हेतु समस्त कार्यक्रमों व दायित्वों से संबंधित प्रभार में प्रभारियों के नाम की घोषणा प्राचार्य द्वारा किया गया एवं उनको अनुमोदित किया गया,

4.) शोध-कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया कि जो भी शिक्षक अपने शोध-पत्रों का प्रकाशन कर विभिन्न शोध पत्रिकाओं में करवाना चाहेगा उनके प्रकाशन शुल्क का 50% खर्च महाविद्यालय द्वारा वहन किया जाएगा,

5.) माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने अपने कोरिया जिला प्रवास के दौरान हमारे महाविद्यालय के लिए पाँच नए स्नातकोत्तर कक्षाओं को शुरू किए जाने बाबत घोषणा किया था, जिसके अन्तर्गत एम.काम, एम.ए हिन्दी व अर्थशास्त्र तथा एम. एस. सी. प्राणीशास्त्र एवं वनस्पतिशास्त्र की कक्षाएं शामिल हैं, माननीय मुख्यमंत्री

जी के इस घोषणा पर आई॰ क्यु॰ ए॰ सी॰ के समस्त सदस्यो ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हे मौखिक धन्यवाद प्रेषित किया, प्राचार्य के द्वारा इन विषयो की पी॰जी कक्षाएं अतिशीघ्र शुरू किये जाने बावत अपने अबतक के महाविद्यालयीन स्तर पर किये गए समस्त प्रयासो से अवगत कराया गया,

6.) शिक्षण सत्र 2021-22 के दौरान संपन्न विश्व-विद्यालय की वार्षिक परीक्षा में महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा, इस संबंध में प्राचार्य द्वारा सभी शैक्षणिक स्टाफ को बधाई प्रेषित किया गया, जिसका स्वागत आई॰ क्यु॰ ए॰सी के समस्त सदस्यो द्वारा किया गया;

7.) एलुमनाई की उपाध्यक्ष सुश्री श्रद्धा श्रीवास्तव एवं सचिव सुश्री कौशर बानो ने एलुमनाई मीट के संबंध में आवश्यक जानकारियां प्रदान करते हुए अक्टुबर 2022 में एक कार्यक्रम आयोजित किए जाने बावत कार्ययोजना बैठक में रखी गई, जिसे सर्वसम्मती से अनुमोदित कर दिया गया, जिसके अन्तर्गत कक्षा शिक्षण की कार्ययोजना भी शामिल है.

8.) पुस्तकालय में टेक्स्ट बुक, रेफ्रेन्स बुक, प्रतियोगी परीक्षाओ से संबंधित किताबे, रिसर्च जर्नल की व्यवस्था बाबत यह निर्णय लिया गया, कि आबंटित राशि के सर्वाधिक भाग टेक्स्ट बुक क्रय करने

पर व्यय किया जाएगा, (लगभग 80% ) एवं शेष राशि बाकी किताबों इत्यादियों के क्रय पर व्यय की जाएगी, यह कार्य इसी सत्र से शुरू कर दिया जाएगा।

9.) वर्तमान शिक्षण सत्र में दो अतिरिक्त वैल्यु एडेड कोर्स की शुरूवात करने का निर्णय लिया गया. जो कि निम्नानुसार है।

(i) Technical capacity Building

(ii) Meditional Plant

इन दोनो अतिरिक्त पाठ्यक्रमो को मिलाकर अब महाविद्यालय में कुल पाँच वैल्यु एडेड कोर्स हो जाएंगे, यह सभी 30-30 दिनो का कोर्स होगा, तथा सफलतापूर्वक इन पाठ्यक्रमो से संबंधित कक्षाए होने के पश्चात परीक्षा आयोजित की जाएगी, एवं उत्तीर्ण छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किया जाएगा,

10.) महाविद्यालय की साफ-सफाई एवं हरियाली को दृष्टिगत रखते हुए, एक नई समिति गठित करने का निर्णय लिया गया, समिति का कार्य समय समय पर साफ-सफाई का निरीक्षण करना एवं आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कमियो को दूर करना होगा,

11.) कोविड-19 के दौरान अस्थाई रूप से बंद कैंटिन को पुनः शुरूवात करने हेतु निर्णय

लिया गया। इस हेतु स्व-सहायता समूह के माध्यम से कैंटिन संचालन का निर्णय लिया गया।

12.) आई० क्यु० ए० सी० के दो वर्तमान सदस्य छात्रा श्रेणी के अन्तर्गत दोनो छात्राओ क्रमशः कु० बिनिता ठाकुर एवं कु० चंदा राजवाडे के महाविद्यालय त्यागने के कारण दो नए (वर्तमान छात्रा श्रेणी) छात्राओ को आई. क्यू. ए. सी में शामिल करने का निर्णय लिया गया,

23.09.2022
आई० क्यु० ए० सी०
(समन्वयक)
CO-ORDINATOR
I.Q.A.C.
Govt. Naveen Girls Collage
Baikunthpur, Korea (C.G.)

प्राचार्य
PRINCIPAL
Govt.Naveen Girls College
Baikunthpur, Korea (C.G.)

सदस्यगण

(i) श्रीमती कनकलता पैकरा
(ii) श्री विक्की राम
(iii) श्रीमती अनुका दुबे
(iv) कु० प्रेरणा श्रीवास्तव
(v) श्री विनय मोहन भट्ट
(vi) श्रीमती आशा महेश्वरी साहू
(vii) सुश्री कौशर बानो